राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,**
**BIHAR**

पत्र संख्या–पं0नि0 30–120/2024 765
प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
भागलपुर।

पटना, दिनांक– 18.3.25

**विषयः– प्रखण्ड गोराडीह ग्राम पंचायत सालपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**
**प्रसंगः– आपका पत्रांक 556 दिनांक 03.03.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से **प्रखण्ड गोराडीह ग्राम पंचायत सालपुर के उप मुखिया** के द्वारा त्याग पत्र देने के फलस्वरूप उक्त रिक्त पद पर निर्वाचन कराये जाने हेतु तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।

2. उक्त संदर्भ में आयोग का निदेश है कि–

(क) गोराडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत सालपुर के वार्ड संख्या–07 के सदस्य–सह–उप मुखिया द्वारा दिये गये त्याग पत्र की मूल प्रति अथवा सत्यापित प्रति आयोग को उपलब्ध करायी जाय।

(ख) **प्रखण्ड गोराडीह ग्राम पंचायत सालपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन कराये जाने हेतु प्रस्ताव रिक्ति से लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक समय बाद आयोग को प्राप्त हुआ है। इस हेतु जिम्मेवार संबंधित पदाधिकारी/कर्मी की पहचान कर कार्रवाई करते हुए आयोग को प्रतिवेदित करना सुनिश्चित की जाय।**

अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
18/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–120/2024 765 पटना, दिनांक – 18.3.25
प्रतिलिपि : सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना/आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–120/2024 765 पटना, दिनांक – 18.3.25
प्रतिलिपि : निर्वाचन स्थापना शाखा को पत्र की कंडिका–02 (ख) के संदर्भ में कार्रवाई हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

17.3.25